


# महिदपुर में पागल कुत्ते ने एक ही दिन में 40 लोगों को काटा

**▶ पिछले 7 दिनों में 80, दिसंबर से अब तक 230 से अधिक डॉग बाइट के मामले**



**महिदपुर।** नगर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से बुधवार को स्थिति गंभीर हो गई, जब एक पागल कुत्ते ने टेंशन चौराहा, कीर्तनिया बाखल सहित कई इलाकों में करीब 40 लोगों को काट लिया। सभी घायलों को परिजनों व नागरिकों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर नगर पालिका की टीम स्वच्छता निरीक्षक उमेश दावरे के नेतृत्व में रात में सक्रिय हुई और कुत्तों को पकड़ लिया। घायल अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे।

इससे पहले जूनी कोर्ट क्षेत्र में भी पागल कुत्ते द्वारा 6 से अधिक लोगों को काटे जाने की घटना सामने आ चुकी है।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार पिछले 7 दिनों में करीब 80 और दिसंबर से अब तक 230 से अधिक डॉग बाइट के मामले सामने आए हैं। नगर पालिका सीएमओ राजा यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम भेजी गई और अन्य कुत्तों पर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। महिदपुर मेडिकल ऑफिसर डॉ. एमएस रामपुरे के अनुसार 40 घायलों का उपचार किया गया। नागरिकों ने आवारा कुत्तों की समस्या पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है।

# सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग चौड़ीकरण का विरोध

**▶ रहवासियों ने कहा चौड़ीकरण की आवश्यकता नहीं, फिर भी हुआ तो रहवासी करेंगे धरना प्रदर्शन**

**उज्जैन। सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग ( विक्रम मार्ग ) तक स्वीकृत 24 मीटर ( लगभग 80 फीट ) चौड़ी सड़क परियोजना पर क्षेत्रीय व्यापारियों और नागरिकों ने आपत्ति लेते हुए पुरजोर विरोध किया है। रहवासियों, व्यापारियों ने कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन सौंपकर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस चौड़ीकरण को रोका नहीं गया तो दुकानदार और रहवासी मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे।**

दरअसल कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से मार्ग चौड़ा करने के लिए भूमिपूजन किया था। लेकिन रहवासियों ने 24 मीटर तक चौड़ीकरण करना तकनीकी रूप से अनावश्यक बताते हुए इस पर आपत्ति लेते हुए कड़ा विरोध जताया है।

रहवासियों ने कहा कि मार्ग वर्तमान में लगभग 60 से 65 फीट चौड़ा है, जो 4-लेन सड़क के मानक के हिसाब से पर्याप्त है। नागरिकों का तर्क है कि 24 मीटर तक चौड़ीकरण करना तकनीकी रूप से अनावश्यक है। व्यापारियों ने चिंता जताई कि यह क्षेत्र पूर्णत: व्यावसायिक है और यदि चौड़ीकरण लागू हुआ, तो कई दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान जमींदोज हो जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप करोड़ों की निजी संपत्ति का नुकसान और सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट आ सकता है।

नागरिकों ने सड़क की सेंट्रल लाइन के निर्धारण पर भी सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भूमि अधिग्रहण असमान रूप से किया जा रहा है, जिससे सड़क का संतुलन बिगड़ रहा है और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने केंद्रीय रेखा का पुन: सर्वेक्षण करने और न्यायसंगत समाधान निकालने की मांग की है।

रहवासियों ने कहा कि आनंद मंगल परिसर से घासमंडी तक के 1.3 किमी मार्ग का सिंहस्थ से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह मार्ग मुख्य स्नान मार्गों या पारंपरिक धार्मिक परिक्रमा में शामिल नहीं है। रहवासियों ने मांग की कि मार्ग को 18 से 20 मीटर तक सीमित रखा जाए। चौड़ीकरण के लिए जनता का धन खर्च न किया जाए। व्यापारी और रहवासी स्पष्ट कर चुके हैं कि विकास के नाम पर निजी संपत्तियों और रोजगार को नुकसान स्वीकार नहीं करेंगे। रहवासियों ने चेतावनी दी कि यदि चौड़ीकरण नहीं रोका गया तो दुकानदार और रहवासी मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## एक नजर में

### नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन



**नागदा।** राजा जन्मजेय की नगरी नागदा में श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद एवं नवीन समिति का गठन हुआ। समाज के सर्वसम्मत प्रयास एवं वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में योग्य, अनुभवी समाजसेवी व्यक्तित्व का चयन किया गया। 4 जनवरी रविवार को कृषि उपज मंडी स्थित मनकामेश्वर गणेश मंदिर परिसर में नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज नागदा की बैठक आयोजित की गई। जिसमे समाज के वरिष्ठ एवं युवा ने सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक कृष्णचंद्र भट्ट एवं रमेशचंद्र शर्मा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवा में सदैव अग्रणी, हंसमुख स्वभाव एवं संगठनात्मक दक्षता के दृष्टिकोण से डॉ. मधुसुदन भट्ट को नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजेश शर्मा गुरुकुल, कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा, सचिव नरेंद्र व्यास, विनोद शर्मा, जयंत शर्मा, संरक्षक रमेश शर्मा एवं कृष्णकांत भट्ट बने। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन शालिग्राम सिसोदिया, रामप्रसाद शर्मा, हरकिशोर पुरोहित, जगदीश शर्मा, गणेशलाल भट्ट, हरिओम शर्मा, अजीत त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्यजनों एवं युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नवगठित समिति के सभी पदाधिकारियों का वरिष्ठजनों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। अंत में राजेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### युवा कांग्रेस ने फूंका कैलाश विजयवर्गीय का पुतला



**घट्टिया।** इंदौर में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण 18 निर्दोष नागरिकों की मौत एवं सैकड़ों लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने की हृदयविदारक घटना, साथ ही इस गंभीर मामले में प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए गैर-जिम्मेदार एवं असंवेदनशील बयानों के विरोध में युवा कांग्रेस महिदपुर विधानसभा द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन युवा कांग्रेस महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह डोडिया के नेतृत्व में घोंसला स्थित महाबली चौपाटी पर आयोजित किया गया। जहां प्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मृतकों को न्याय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर महिदपुर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, युवा नेता शाहरुख मेव, राजेश जाट, अरशद मंसूरी, सुमित राठौड़, अजित मंसुरी, पंकज यादव, राजा परवान, भूरा मंसूरी, अजर खान, राजू वर्मा, रणछोड़ जाट, सुमेर गुजराती, जहीद मेव के साथ ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस ने मांग की कि इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं दोषी व्यक्तियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए तथा मृतकों के परिजनों को शीघ्र न्याय एवं उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### शीतलहर का प्रकोप जारी, अलाव की व्यवस्था नहीं

**खाचरौद।** वर्तमान में पूरे मालवांचल के साथ ही नगर में भी जबरदस्त शीत लहर का का दौरा चल रहा है। जिसके कारण नगर में कड़ाके ठंड पड़ रही है। इसके बावजूद भी कांग्रेस शासित नगर पालिका द्वारा नगर में अभी तक अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गईहै। जिसके कारण नगर की जनता में नपा के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो रहा है। भाजपा पार्षद गोदावरी बंबोरिया ने इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक पत्र लिखकर बताया कि शहर के नागरिकों के साथ ही देर रात तक काम करने वाले लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह बहार से आकर यहां मजदूरी करने वाले सैकड़ो मजदूर स्टेशन रोड, चामुंडा माता रोड रतलाम रोड, तथा उज्जैन दरवाजा क्षेत्र में, पुलिस परेड ग्राउंड, रतलाम रोड, रामातलाई आदि क्षेत्रों में अपने परिवारों तथा छोटे-छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर है हो रहे हैं। उनको इस कड़ाके की ठंड में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद बंबोरिया नपा सीएमओ से नगर में जबरदस्त ठंड के प्रकोप को देखते हुए नगर के प्रमुख चौराहे पर तथा जहां बाहर से आगे गरीब मजदूर खुले आसमान के नीचे रह रहे है। उन स्थानों पर भी अलाव की अति शीघ्र व्यवस्था करने का आग्रह कीया है तथा बेघर लोगों के लिए रैन बसेरा की व्यवस्था करने की मांग की है।



# भारतीय कॉलेज में साइंस की छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**उज्जैन।** भारतीय कॉलेज, उज्जैन में बी.एससी. की छात्राओं के लिए एक अत्यंत सफल और प्रेरणादायक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 9 टीमों ने सहभागिता की, जिनमें प्रत्येक टीम में तीन-तीन छात्राएं शामिल रहीं। पूरे आयोजन के दौरान छात्राओं का उत्साह, आत्मविश्वास और ज्ञान देखने योग्य रहा। प्रतियोगिता को रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए इसे पांच राउंड में विभाजित किया गया। जिनमें बेसिक साइंस, करंट अफेयर्स, बेसिक मैथ्स, स्टोरी राउंड एवं रैपिड फायर राउंड शामिल थे। सभी राउंड में छात्राओं ने अपनी तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान और त्वरित निर्णय क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम स्थान-रिया कछावा, निव्या कछालिया एवं रानू पोरवाल, द्वितीय स्थान-प्रियंका चावड़ा, हर्षिता कुमावत एवं प्रतिभा देवड़ा, तृतीय स्थान-अश्विनी दुबे, प्राची विश्वकर्मा एवं योगेश्वरी अंजना रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंड्या की उपस्थिति में विजेता एवं सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. हर्षिता शर्मा एवं प्रो. यशस्वी जोशी ने किया।

# युवा किसान जागरूक नहीं हुए तो वे मजदूर बनकर रह जाएंगे : बोस

**घट्टिया। समीपस्थ ग्राम महूडीपुरा में श्मशान घाट पर पांच लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लाक के भूमिपूजन कार्यक्रम में आए विधायक दिनेश जैन बोस ने गांव में नुक्कड़ सभा में उपस्थित युवाओं व किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की ग़लत नीतियों व बड़े औद्योगिक घरानों को फायदा पहुंचाने को लेकर आने वाले समय में कृषकों की कृषि भूमि ओद्यौगिक घरानों के पास होगी व किसान मजदूर होकर रह जाएगा। प्रदेश में जिस रफ्तार से कृषि भूमि की खरीद बिक्री हो रही है।**



इसमें अधिकांश जगहों पर काले धन का उपयोग किया गया है। ऐसे में किसानों को बेटों को चाहिए कि वे जागरूक होकर इस विषम परिस्थितियों का सामना कर अपनी खेती को सुरक्षित रखें। महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश बगाना, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, कांग्रेस नेता अनंत शर्मा, मुकेश शर्मा पिप्लया हर्जी व ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने किसानों की गंभीर स्थिति व समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर विधानसभा में संघर्ष करने के लिए विधायक दिनेश जैन बोस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

अतिथियों का पुष्पहारों व साफा पहनाकर स्वागत सरपंच प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, टीकमसिंह राजपूत, ईश्वरलाल शर्मा, रजनीश तिवारी, महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया, भंवर सिंह राजपूत, अमृतलाल पटेल, रामचंद्र मालवीय, महेश पांचाल, विक्रमसिंह महूडी, कुंदन शर्मा व ग्रामीणों ने किया। संचालन पंचायत सचिव बाबूलाल परमार व आभार रोजगार सहायक कोमलसिंह आंजना ने व्यक्त किया।

# चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 13 से शुरू

**उज्जैन। गढ़कालिका रोड स्थित दादा गुरु पीर मत्स्येन्द्रनाथ की समाधि पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।**



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारा एवं महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई हैं। कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र जोशी एवं गब्बर बाबा ने बताया कि आयोजन से पूर्व आमंत्रण पत्र का विमोचन सोमवारनाथ महाराज के करकमलों से विमोचन किया गया। इसके पश्चात समिति सदस्य साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को घर-घर जाकर कार्यक्रम का आमंत्रण देंगे। 1008 तपस्वी योगी बाबा बमबम नाथ महाराज प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं को भोजन कराकर सेवा भाव का संदेश देते थे। उन्हीं की पावन परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारा, महायज्ञ, चल समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार 13 जनवरी को शाम 5 बजे महायज्ञ के साथ होगी। आयोजन में देशभर से साधु-संत, नागा बाबा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। बुधवार 14 जनवरी को सुबह 10 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादा गुरु पीर मत्स्येन्द्रनाथ महाराज की समाधि स्थल पहुंचेगा। वहां साधु-संतों की उपस्थिति में चादर चढ़ाई जाएगी। इसके पश्चात मंदिर परिसर में दो दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 16 जनवरी की रात्रि 12 बजे तक चलेगा। आयोजन समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारा प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है। विमोचन के अवसर पर शशिकांत उर्फ निक्की पहलवान, नर्मदा नाथ, रोहित राव, सेवा नाथ, धीरज भावसार, सीताराम आदि कार्यक्रम में सेवा देने वाले लोग उपस्थित थे।

# खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स का आयोजन

**महिदपुर। मध्यप्रदेश शासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के तत्वाधान में युवाओं में खेल रुचि बढ़ाने और खेल प्रतिभाओं को निहारने के उद्देश से खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स का आयोजन ब्लाक, जिला, संभाग, और राज्य स्तर पर किया जाना है। जिसके अंतर्गत महिदपुर विकासखंड में ब्लॉक स्तर पर चयन ट्रायल का आयोजन 10 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य ब्लाक महिदपुर में किया जाना है।**

जिसमें अलग अलग खेलो के लिए अलग अलग उम्र का प्रावधान रखा गया है। एथलेटिक्स उम्र 18 वर्ष, कबड्डी उम्र 20 वर्ष, बैडमिंटन उम्र 19 वर्ष, चेस उम्र 19, कुश्ती उम्र 20, बास्केटबॉल उम्र 17 वर्ष, फुटबॉल उम्र 19 वर्ष, वॉलीबॉल उम्र 20 वर्ष, क्रिकेट लैदर बॉल उम्र 19 वर्ष, पिट्ठू उम्र 14-19 वर्ष, रस्साकसी उम्र 18 वर्ष, तैराकी उम्र 13-17 वर्ष, टेबल टेनिस उम्र 18 वर्ष, वेटलिफ्टिंग उम्र 13-20 वर्ष, खो खो उम्र 18 वर्ष रहेगी और इन खेलो का आयोजन ब्लाक स्तर चयन ट्रायल के रूप में किया जाएगा तथा 06 खेल त्वाईकवंडो, रोइंग, कयाकिंग, केनोइंग, शूटिंग, एवम आर्चरी खेल का आयोजन सीधा राज्यस्तर पर किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लाक समन्वयक रागिनी टांक ने बताया कि खिलाड़ी को अपने साथ जन्मप्रमाण पत्र, 10वी मार्कशीट, आधारकार्ड, ओर मूल फोटो बैंक पासबुक की प्रति साथ में लाना लाना अनिवार्य होगा।






# झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई, दो फ़र्जी क्लिनिक सील

**घट्टिया।** निजी चिकित्सको के क्लिनिक की जांच में घट्टिया तहसील क्षेत्र के गाव मालीखेड़ी व पानबिहार में बुधवार को दो फ़र्जी क्लिनिक सील किए गए । ब्लॉक मेडिकल आफिसर डॉ. अनुज शल्या ने बताया की एसडीएम राजाराम करजरे के निर्देश पर निजी चिकित्सकों व अस्पतालों की जांच हेतु टीम बनाई गई है। टीम ने कार्रवाई करते हुए मालीखेड़ी में विजय राय पिता गोपाल राय के क्लिनिक पर जांच की । इसी प्रकार पानबिहार में सबुज विश्वास पिता सुमंत विश्वास के क्लिनिक पर जांच की गई । निरीक्षण में पाया गया कि दोनों क्लिनिक बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं व इलाजकर्ता डॉक्टरों के पास भी कोई डिग्री नहीं है। क्लिनिक पर बेहोशी के इंजेक्शन, प्रयोग में लाई गई खुली हुई सिरिंज जिनका निष्पादन भी नियमानुसार नहीं किया जा रहा था। टांके लगाने के उपकरण आदि पाए गए जिन्हें जब्त किया गया व दोनों क्लिनिकों को सील किया गया । दोनों क्लिनिक पर झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री के लोगो का धड़ल्ले से इलाज कर रहे थे। निरीक्षण टीम में तहसीलदार आदर्श शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज शल्या, लैब टेकनीशियन राजेंद्र डावरे, संबंधित पटवारी व सीएचओ थे।

## एक नजर

**विभिन्न पदों के लिए 147 का प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिए चयन**

# एक दिवसीय रोजगार-युवा संगम मेले में 335 छात्र-छात्राओं का पंजीयन

**उज्जैन। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ कार्यालय उज्जैन जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय उज्जैन के तहत एक दिवसीय युवा संगम - रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया।**



मेले में लगभग 22 कंपनियों के 350 पद पर रोजगार के अवसर उपलब्ध थे, जिनमें सेल्स मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव मशीन पर, कम्प्यूटर आपरेटर, इन्सोरन्स एडवाइन्ट, टोक्नशियन, सिन्योगसी आदि पदों पर प्रतिभा स्वराज, कटारिया ग्रुप, मुख्यमंत्री सीखों-कमाओ योजना, प्रधान मंत्री अप्रेंटिसशिप, शिव इन्टरप्राइजेज, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, इन्डसइन्ड बैंक, पेप्सीको, चंदन स्टील, लिनोड, रेपिडो आदि कम्पनियों में लगभग 335 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया। जिसमें विभिन्न पदों से लगभग 147 के लिये प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया। इस जिला स्तरीय रोजगार मेले में विभिन 45 महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रोजगार मेला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक की अध्यक्षता में एवं सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मेले में महाविद्यालय की लगभग 253 छात्राओं का पंजीयन कराया गया। विवेकानंद कैरियर प्रभारी डॉ भारती श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रश्मि भार्गव, डॉ प्रेम सिंह बघेल, डॉ मानसिंह गणेश, डॉ. जीडी अग्रवाल, डॉ. विक्रांत शाह एवं डॉ अर्पिता त्रिवेदी द्वारा रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के विभिन्न पदों, अवसरों की जानकारियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।